## दो आरोपी गिरफ्तार, तीसरे की तलाश जारी, हत्या में प्रयुक्त लाठियां जब्त

# जादू-टोने के शक में रिश्तेदार की हत्या

## चांद पुलिस ने 48 घंटे में किया सनसनीखेज खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई



जिले के थाना चांद अंतर्गत ग्राम रगड़ा में हुए हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। जादू-टोने के शक में रिश्ते के जीजा की बेरहमी से हत्या करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सटीक विवेचना की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

### डायल-112 की सूचना से खुला हत्या का मामला

जानकारी के अनुसार, दिनांक 11 मई 2026 को डायल-112 मोबाइल पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रगड़ा में झगड़ा और मारपीट के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही थाना चांद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान रविशंकर इनवाती (45 वर्ष) निवासी ग्राम रगड़ा के रूप में हुई।मृतक की रिश्तेदार भुजलो बाई ने पुलिस को बताया कि सदबान बट्टी, साधु बट्टी और अजेश बट्टी ने मिलकर रविशंकर की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। शिकायत के आधार पर थाना चांद में अपराध क्रमांक 169/2026 धारा 103(1), 333, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।



### पिता की बीमारी को लेकर था जादू-टोने का शक

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने चौंकाने वाला खुलासा किया। आरोपियों ने बताया कि मृतक रविशंकर उनका रिश्ते में जीजा लगता था। पिछले करीब एक महीने से उनके पिता की तबीयत खराब चल रही थी। चांद और छिंदवाड़ा में इलाज कराने के बावजूद स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो रहा था। इसी कारण आरोपियों को शक हो गया कि रविशंकर ने उनके पिता पर जादू-टोना किया है।घटना वाले दिन रविशंकर अपने ससुराल पक्ष के घर चैतू बट्टी के यहां आया हुआ था। इसी दौरान शक और गुस्से में आरोपियों ने उसे घर के भीतर कमरे में घेर लिया और लाठियों से हमला कर दिया। गंभीर चोटों के कारण रविशंकर की मौके पर ही मौत हो गई।

### पुलिस की तत्परता से आरोपी पहुंचे सलाखों के पीछे

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी चौरई के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी सदबान बट्टी (40 वर्ष) और साधु बट्टी (25 वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जिला जेल छिंदवाड़ा भेज दिया गया है। वहीं फरार आरोपी अजेश बट्टी की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

### हत्या में प्रयुक्त दो लाठियां बरामद

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल की गई दो लाठियां भी जब्त कर ली हैं। मामले की विवेचना जारी है।

### इन पुलिसकर्मियों की रही अहम भूमिका

पूरे मामले के खुलासे में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह बघेल, उपनिरीक्षक पी.सी. राठी, सहायक उपनिरीक्षक एल.पी. गुप्ता, प्रधान आरक्षक सावन ठाकुर, आरक्षक सुरेंद्र बघेल, मयंक रघुवंशी, सतीश बघेल, मोनू चौहान एवं साइबर सेल के आरक्षक आदित्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा ने उत्कृष्ट कार्य के लिए पूरी टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

## खबर संक्षेप

### सुहासिनी को राष्ट्रीय स्तर पर मिला सम्मान



**सौंसर।** सामाजिक प्रतिबद्धता और बहुमुखी प्रतिभा की धनी श्रीमती सुहासिनी जागेश सोमकुवर ने राष्ट्रीय स्तर पर एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। हाल ही में 9 मई को देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित 100 आइकोनिक वूमेन ऑफ इंडिया अवॉर्ड 2026'समारोह में उन्हें आइकोनिक वूमेन ऑफ इंडिया 2026 के खिताब से सम्मानित किया गया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के बाद सुहासिनी सोमकुवर की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। सौसर क्षेत्र के बौद्ध समाज सहित विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों ने उन्हें इस सफलता पर बधाइयाँ दी हैं।इस राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए भारत के 31 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से हजारों आवेदन प्राप्त हुए थे। एक अत्यंत कठोर और पारदर्शी चयन प्रक्रिया के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण कार्य करने वाली 100 प्रतिभाशाली महिलाओं को चुना गया।सुहासिनी सोमकुवर को यह सम्मान प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री रितु शिवपुरीके हाथों प्रदान किया गया। यह सुहासिनी सोमकुवर के करियर की पहली बड़ी उपलब्धि नहीं है। इससे पूर्व 2024: 'डैजल मिसेस इंडिया यूनिवर्स' प्रतियोगिता में प्रथम उपविजेता बनकर मिसेस महाराष्ट्र'का खिताब जीता था। उच्चशिक्षित सुहासिनी, मोहगाव हवेली निवासी ओर ओएनजीसी मुंबई में जनरल मैनेजर जागेश सोमकुवर की जीवनसंगिनी हैं।

### अजजा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष टेकाम ने ली बैठक

**सौंसर।** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिह टेकाम का सौसर आगमन हुआ। उनके साथ जिला पंचायत मंडला अध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं छिंदवाडा संभाग प्रभारी भाजपा एसडी मोर्चा संजय कुशराम उपस्थित थे। भाजपा नेता पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड के निवास स्थान पहुचें, जहा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड विशेष रूप से उपस्थित थे। शिष्टाचार भेट के दौरान प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिह टेकाम ने स्थानीय पदाधिकारियों के साथ जिले के संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्ययोजनाओं एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के कल्याण हेतू संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। भेट के दौरान पूर्व मंत्री श्री मोहोड ने अपने राजनीतिक एवं संगठनात्मक अनुभव साझा करते हुयें संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिये महत्वपूर्ण सुझाव दिये। जिलाध्यक्ष श्री मोहोड ने जिले में पार्टी की सक्रियता एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर प्रकाश डाला।

### गांधीगंज में अमानक पॉलीथिन और सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्रवाई

## दो थोक विक्रेताओं समेत तीन अन्य पर 1.14 लाख का जुर्माना, गोदाम और फैक्ट्री सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

गांधीगंज क्षेत्र में अमानक पॉलीथिन और सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थोक विक्रेताओं पर शिकंजा कसा। नगर निगम द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के दौरान दो विक्रेताओं पर 50-50 हजार रुपये तथा तीन अन्य कारोबारियों पर कार्रवाई करते हुए कुल 1 लाख 14 हजार रुपये का चालान किया गया।

यह कार्रवाई नगर निगम कमिश्नर सी.पी. राय, तहसीलदार तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्राधिकारी की मौजूदगी में की गई। नगर निगम के स्वच्छता विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से क्षेत्र में छापामार कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक के भंडारण और बिक्री की जांच की।

अभियान के दौरान बोहता क्षेत्र में स्थित एक गोदाम तथा रामगढ़ी में संचालित एक फैक्ट्री को भी सील कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सिंगल यूज प्लास्टिक के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर प्रतिबंध लागू है, इसके बावजूद अवैध कारोबार किए जाने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं।

नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग और बिक्री के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कलेक्टर ने किया बदनूर स्थित राहुल हाइटेक नर्सरी का आकस्मिक निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने बुधवार को जिले के विकासखंड मोहखेड़ के ग्राम बदनूर स्थित राहुल हाइटेक नर्सरी का आकस्मिक निरीक्षण किया । इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार भी उनके साथ थे। निरीक्षण के दौरान नर्सरी परिसर में कम उम्र के बच्चों को कार्य करते देख कलेक्टर श्री नारायन ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इस पर आपत्ति जताते हुए लेबर ऑफिसर को तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच करने तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बच्चों से श्रम कराए जाने की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री नारायन ने स्पष्ट किया कि बाल श्रम किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं किया जाएगा।



## अवैध शराब के अड्डों पर आबकारी टीम की दबिश, महुआ लाहन और मदिरा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशन में सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में शहर के आबकारी अमले द्वारा बुधवार सुबह अवैध शराब के अड्डों पर दबिश देकर बड़ी कार्रवाई की गई। आबकारी टीम ने छिंदवाड़ा से लगे ग्राम सारना में दबिश दी, जहां वंशकार मोहल्ले के दो रिहायशी मकानों से मदिरा बरामद कर प्रकरण दर्ज किए गए। इसके बाद ग्राम लकड़ाई जम्होडी में नाले के किनारे प्लास्टिक की कैनों में भरा महुआ लाहन बरामद कर विधिवत नष्ट किया गया। साथ ही एक रिहायशी मकान से हाथ भट्टी मदिरा भी जब्त की गई।

आबकारी टीम ने ग्राम कपरवाड़ी में भी दबिश देकर नाले के किनारे भारी मात्रा में प्लास्टिक की कैनों में भरा महुआ लाहन बरामद कर नष्ट किया। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के विरुद्ध कुल 08 प्रकरण कायम कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं (च) के तहत प्रकरण दर्ज किए गए। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री जी.एल. मरावी, आबकारी उपनिरीक्षक श्री आकाश मेश्राम सहित शहर का आबकारी अमला उपस्थित था।



### 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 450 कि.ग्रा. महुआ लाहन किया बरामद

कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशन में सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में अमरवाड़ा के आबकारी अमले द्वारा बुधवार को सुबह के वक़्त सिंगोड़ी क्षेत्र के खकरा चौरई, महेंद्रवाड़ा, राजाखोहढाना और बांका में कार्यवाही कर कुल 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 450 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद की गई। आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण कायम कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क के तहत मामला दर्ज किया गया। इस कार्यवाही में वृत्त प्रभारी सुश्री वैशाली भगत के साथ उप निरीक्षक सुश्री पूर्णिमा बरकड़े एवं वृत्त का आबकारी अमला उपस्थित था।

## शनिचरा बाजार, गांधीगंज क्षेत्र में निगम ने हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के निर्देशानुसार शहर के शनिचरा बाजार एवं गांधी गंज क्षेत्र में अतिक्रमण निरोधक कार्रवाई की गई। निगम अमले द्वारा सड़क एवं सार्वजनिक मार्गों पर किए गए अस्थाई अतिक्रमण को हटाते हुए संबंधित दुकानदारों को निर्धारित सीमा में व्यवसाय संचालित करने की समझाइश दी गई।

कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे रखी सामग्री तथा आवागमन में बाधा उत्पन्न कर रहे सामान को हटाया गया। निगम अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण के कारण यातायात प्रभावित होने के साथ आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर निगम की टीम ने बाजार क्षेत्र में व्यापारियों को भविष्य में अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी भी दी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर में यातायात व्यवस्था एवं नागरिक सुविधाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## पांढुर्णा एवं सौसर विकासखंड में पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन

**पांढुर्णा।** कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशानुसार एवं उप संचालक जितेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में पांढुर्णा जिले के पांढुर्णा एवं सौसर विकासखंड में पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन दिनांक 13 मई 2026 से 15 मई 2026 तक किया जा रहा है। शिविरों में ई-टोकन बुकिंग एवं एग्री स्टेक पोर्टल पर फॉर्मर आईडी से वंचित किसानों की फॉर्मर आईडी बनाने का कार्य किया जाएगा। शिविर प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर लगाए जा रहे हैं, जिनमें प्रमुख रूप से किसानों की फॉर्मर आईडी बनाना, किसानों के समस्त खसरों को फॉर्मर आईडी से लिंक करना, किसानों के ई-टोकन बुक करना एवं समिति स्तर पर समिति सदस्यों के ई-टोकन बुक करने का कार्य किया जाएगा। इसमें राजस्व विभाग के पटवारी, कृषि विभाग, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं सहकारिता विभाग की सहभागिता रहेगी।

## कलेक्टर ने किया सालीमेटा के गेहूं खरीदी केंद्र का निरीक्षण

### विभागों के अधिकारी और उपार्जन समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य का जायजा लेने के लिए कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन आज जिले के विकासखंड मोहखेड़ पहुंचे और सालीमेटा स्थित फाल्कन वेयर हाउस में संचालित गेहूं खरीदी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने केंद्र की सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और उपस्थित किसानों से चर्चा कर गेहूं खरीदी की प्रक्रिया, भंडारण व्यवस्था, बारदानों की उपलब्धता तथा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक लिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार भी उनके साथ थे। इस खरीदी केंद्र पर सेवा सहकारी समिति सांवरी, सेवा सहकारी समिति खुनाझिर तथा सेवा सहकारी समिति सालाखेड़ बदनूर द्वारा गेहूं उपार्जन कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री नारायन ने केंद्र पर स्थापित तौल कांटे का भी परीक्षण किया और तौल प्रक्रिया की जांच की। साथ ही उपार्जन कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने तथा किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी और उपार्जन समिति के सदस्य भी उपस्थित थे।

## अमानक डिस्पोजल एवं पॉलीथीन पर बड़ी कार्यवाही, वेयरहाउस सील

**छिन्दवाड़ा।** सुप्रीम कोर्ट की सिविल अपील नं. 6174/2023&7728/2023 में पारित आदेश 05/05/2026 के अंतर्गत एम. एस.डबल्यू रूल 2026 और आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट नियम 2016 अंतर्गत अमानक प्रकार की प्लास्टिक उपयोग एवं बिक्री के संबंध में कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार आज शहर के विभिन्न बिक्री केंद्रों में सयुक्त रूप से छापेमारी की कार्यवाही की गई। नगर निगम कमिश्नर श्री सी.पी.राय, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र श्री रघुनाथ शाह उईके, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी श्री एम.पी. तिवारी एवं तहसीलदार नगर सुश्री मीना दशरिया, ग्रामीण तहसीलदार श्रीमती हेमांगप्रिया श्रीवास्तव एवं पुलिस बल की उपस्थिति में राजस्व निरीक्षक मंडल घाट परासिया ग्राम रामगढ़ी में स्थित भूमि स्वामी श्री अनिल कुमार जैन पिता जुगराज जैन की भूमि पर निर्मित वेयरहाउस का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में अमानक प्लास्टिक डिस्पोजल बनाते हुए पाए जाने पर मौके पर भूमि स्वामी के भाई अमित कुमार जैन की उपस्थिति में सीलिंग की कार्रवाई की गई। साथ ही गांधी गंज में मंत्री ट्रेडर्स गांधीगंज 50000 रूपये, बाहुबली ट्रेडर्स गांधीगंज 50000 रूपये, धीर मार्केटिंग 20000 रूपये का अमानक प्लास्टिक डिस्पोजल बनाते हुए पाए गए । ग्राम इमलिया बोहता में राइस मिल के पीछे चांद रोड स्थित वेयर हाउस में अमानक पॉलीथिन रखने की सूचना प्राप्त हुई, जिसे भी उपरोक्त अधिकारियों की उपस्थिति में सील किया गया।



## वार्ड क्रमांक-29 में 2 दलों द्वारा 159 घरों में किया गया डेंगू के लार्वा का सर्वे

**छिन्दवाड़ा।** डेंगू की रोकथाम व नियंत्रण के लिये शहरी क्षेत्र छिंदवाड़ा के वार्ड क्रमांक-29 मदनमोहन मालवीय वार्ड में 2 दलों द्वारा 159 घरों में डेंगू के लार्वा का सर्वे किया गया व 06 घरों में पाये लार्वा को लार्वानाशक दवाई डालकर/खाली कराकर नष्ट कराया गया।सीएमएचओ डॉ.नरेश गोन्नाडे द्वारा जनसमुदाय से अपील की गई है की अपने घर के सभी पानी के कंटेनर, कूलर, फ्रिज, टांके टंकिया, टायर को प्रति सप्ताह जांच ले की एडीज मच्छर के लार्वा तो नहीं पनप रहे व खाली कर सफाई कर दे। पानी के बड़े कंटेनर जिनकी सफाई व ढांकना संभव न हो तो उनमें मीठा तेल प्रति सप्ताह डालें। मच्छरों के काटने से स्वयं बचाव करे, पूरे शरीर ढकने वाले कपड़े पहने, दिन के समय बच्चों व वृद्धों को मच्छरदानी के अंदर सोने की सलाह दी जाये, मॉस्किटो कॉइल का उपयोग करें, शाम के समय नीम की पत्तियों का धुआं करें। तेज बुखार, आंखों के पीछे दर्द, शरीर पर चकते, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ो में दर्द, नाक व मसूड़ों से रक्तस्राव होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क कर डेंगू की जिला चिकित्सालय/छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज में डेंगू एलिसा टेस्ट निःशुल्क कराए।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने छात्रों का बढ़ाया उत्साह

**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का यह सकारात्मक परिणाम है। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि परीक्षा में प्राप्त सफलता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों से निरंतर परिश्रम करते हुए जीवन में नए लक्ष्य निर्धारित करने और देश एवं समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### कक्षा 12वीं में 93 में से 91 छात्रों ने प्रथम श्रेणी के साथ पाई सफलता

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 ने रचा सफलता का नया इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक - 1 छिंदवाड़ा ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया इतिहास रच दिया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देकर न केवल अपने माता-पिता और शिक्षकों का गौरव बढ़ाया, बल्कि पूरे जिले को भी गौरवान्वित किया है।

विद्यालय के कुल 93 विद्यार्थियों में से 91 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। वहीं 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 54 रही तथा 13 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

### कला संकाय का शानदार प्रदर्शन

कला संकाय की छात्रा आफिया अनम खान ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। आनंद बरखाने ने 94.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, नाजिया हनफ़ी ने 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, अल्फिया कुरैशी ने 93.8 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ तथा खुशी बर्मन ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि शीर्ष पांचों विद्यार्थी कला संकाय से रहे।

### विज्ञान संकाय में भी उत्कृष्ट परिणाम

विज्ञान संकाय में मयंक शर्मा ने 92.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। तनिष्का मर्सकोले ने 91.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा कनिष्क मिश्रा ने 90.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### कॉमर्स संकाय के विद्यार्थियों ने भी बढ़ाया मान

कॉमर्स संकाय में रितिका कटारिया ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अचल विश्वकर्मा 90.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा तनीषा 87.02 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन और विद्यालय के प्राचार्य श्री हरि प्रसाद धारकर ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और विद्यालय के समर्पित एवं प्रतिबद्ध शिक्षकों की अथक मेहनत का परिणाम है। विद्यालय परिवार में इस शानदार सफलता को लेकर हर्ष और उत्साह का वातावरण है।

## घोटाले और प्रश्न पत्र लीक करने के लिए आयोजित हो रही प्रतियोगी परीक्षाएं

# छात्र-छात्राओं का भविष्य बर्बाद कर रही भाजपा सरकारः नकुलनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने नीट के प्रश्न पत्र लीक व परीक्षा रद्द किए जाने पर भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य व सपनों से भाजपा सतत रूप से खिलवाड़ कर रही और दोषियों को नवाज रही। 22 लाख से ज्यादा छात्रों की मेहनत व त्याग को इस भ्रष्ट तंत्र ने पूरी तरह कुचल दिया। NEET 2024 में भी भयंकर चोरी हुई इसके बाद भी दोषी बच निकले। इस बार परीक्षा रद्द कर दी, लेकिन यह कोई समाधान नहीं है, क्योंकि नुकसान तो अंततः छात्र-छात्राओं का ही हुआ है। यहीं नहीं लगातार पेपर लीक जैसी घटनाओं से अब विद्यार्थियों का नीट जैसी परीक्षा की पादर्शिता से भरोसा उठ रहा है जो भविष्य के लिए उचित नहीं है।

मैंने सपना देखा था कि छिन्दवाड़ा का मेडिकल कॉलेज मध्य भारत का सर्वश्रेष्ठ मेडिकल कॉलेज बनें, इसके लिए कमलनाथ व मैंने सभी प्रयास किए, लेकिन भाजपा की सरकार ने यह सपना पूरा नहीं होने दिया। उन्होंने सरकार गिराई और मेडिकल कॉलेज का बजट आधा कर दिया। आज भाजपा ने देश के उन लाखों विद्यार्थियों का सपना तोड़ दिया जो चिकित्सा के क्षेत्र में आगे बढ़कर चिकित्सा क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते थे। परीक्षाओं में गड़बड़ी का सिलसिला इस सरकार में स्थाई बन चुका है। शासकीय नौकरी में भर्ती-प्रतियोगी परीक्षाएं भ्रष्टाचार और प्रश्न पत्र लीक के लिए पहचानी जाने लगी। एक तो शासकीय नौकरियों में भर्ती निकलती नहीं अगर निकली भी तो उनमें गड़बड़ी होना कोई बड़ी बात नहीं। अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र परीक्षा से पहले ही भाजपा से जुड़े हुए लोगों के हाथों में पहुंच जाते हैं। खानापूर्ति के लिए कागजी कार्रवाई या फिर परीक्षा ही रद्द कर दी जाती है, लेकिन यह नहीं सोचा जाता कि वर्षों की तैयारी और परिवार की जमा पूंजी खर्च करने वाले गरीब परिवार के अभ्यार्थियों पर इसका क्या प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी 2015 में AIPMT परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी। 2016, 2021 और 2024 में भी नीट परीक्षा को लेकर पेपर लीक, धांधली और गिरफ्तारियों की खबरें लगातार सामने आती रहीं। कई मामलों में सुप्रीम कोर्ट तक सुनवाई हुई, लेकिन फिर भी व्यवस्था में सुधार दिखाई नहीं दिया।

देश की प्रवेश परीक्षा प्रणाली असुरक्षित हाथों में है। ऐसा प्रतीत होता है कि संगठित गिरोह और भ्रष्ट तंत्र मिलकर मेहनती और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे। लाखों छात्र-छात्राएं वर्षों की मेहनत, त्याग व संघर्ष के उपरांत परीक्षाओं में शामिल होते हैं, लेकिन हर बार पेपर लीक जैसी घटनाएं उनके हौसले और उम्मीदों को तोड़ने का काम करती है। यह केवल परीक्षा में गड़बड़ी नहीं, बल्कि युवाओं के विश्वास पर सीधा हमला है। मध्य प्रदेश के व्यापम घोटाले ने पहले ही देश को दिखा दिया था कि जब भर्ती और परीक्षा व्यवस्था में भ्रष्टाचार प्रवेश कर जाता है, तो उसका असर वृहद स्तर पर होता है यह अब राष्ट्रीय स्तर पर दिखाई देने लगा है। देश के युवाओं को एक पारदर्शी, सुरक्षित और भरोसेमंद परीक्षा प्रणाली देना सरकार की जिम्मेदारी है जिसे वह पूरा करने में नाकामयाब साबित हो रही।

उन्होंने आगे कहा कि नीट परीक्षा 2026 में भारी गड़बड़ी व पेपर लीक होने के बाद उसे रद्द कर दिया गया। गौर करने वाली बात यह है कि देश में चिकित्सा स्नातक के पाठ्यक्रमों (एमबीबीएस) व (बीडीएस) में प्रवेश पाने के लिए पात्रता परीक्षा नीट देनी होती है। यह सिर्फ परीक्षा नहीं बल्कि अनेकों अनेक युवाओं का सपना और भविष्य भी होता है जिसके लिए वे वर्षों से तैयारियां करते हैं। इनमें अनेक विद्यार्थी ऐसे परिवारों से आते हैं जो निजी कॉलेज की फीस जमा करने में समक्ष नहीं होते उनका एक मात्र लक्ष्य शासकीय कॉलेज से एमबीबीएस या फिर बीडीएस करना होता है जिसके लिए वे अपना तन मन और धन सबकुछ लगा देते हैं, लेकिन पेपर लीक जैसी घटनाएं उन्हें मानष्कि, आर्थिक व शारीरिक रूप से तोड़ देती है।

## मरीज की मौत पर पुलिस में शिकायत, फिर समझौता, प्राइवेट डॉक्टर ने किया था इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

सोमवार को न्यूटन पुलिस चौकी में प्राइवेट क्लिनिक के एक डॉक्टर के खिलाफ शिकायत की गई , शिकायतकर्ता ने डॉक्टर पर उनके मरीज का गलत इलाज किए जाने का आरोप लगाया गया था । मरीज की जान चली गई और मंगलवार को उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया गया । डॉक्टर और मरीज के परिजनों के बीच समझौता होना बताया जा रहा है , पर सवाल कई खड़े हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार न्यूटन की समीपस्थ ग्राम पंचायत से एक मरीज को उल्टी - दस्त की शिकायत होने पर न्यूटन के एक निजी क्लिनिक में लाया गया । जहां डॉक्टर ने उसका इलाज किया लेकिन स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर डॉक्टर ने मरीज को छिंदवाड़ा ले जाने की सलाह दी । परिजन मरीज को छिंदवाड़ा ले जाने निकले , पर बताया जा रहा है , कि रास्ते में ही मरीज ने दम तोड़ दिया । जिससे गुस्साए परिजनों ने न्यूटन चौकी में आकर डॉक्टर के खिलाफ शिकायत की । बाद में यह भी पता चला , कि डॉक्टर और परिजनों के मध्य समझौता हो गया । यह घटना की खबर मिलने पर कुछ जागरूक लोगों ने इस घटना को प्रशासनिक जिम्मेदार अधिकारियों के संज्ञान में भी लाया , ताकि इस मामले में बरती गई लापरवाही की जांच हो सके ।

## सचिव की लापरवाही ग्राम विकास में बन रही रोडा

**इकलेहरा / परासिया** :- परासिया जनपद की ग्राम पंचायत इकलेहरा एक बड़ी पंचायत है , जिसमें विकास की गति में सचिव की लापरवाही रोड़ा बनी हुई है । सचिव नियमित रूप से पंचायत में न तो उपस्थित रहते हैं , और न ही लोगों का फोन उठाता है । पंचायत सरपंच भी सचिव की इन गैर जिम्मेदाराना हरकतों से परेशान है ।ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए पंचायती राज व्यवस्था बनाई गई । जिसमें शासन ने अपने प्रतिनिधि के रूप में सचिवों की नियुक्ति की , लेकिन सचिवों की लापरवाही कई बार परेशानी का शबब बन जाती हैं । इकलेहरा में पदस्थ सचिव की लापरवाही ग्राम विकास में रोड़ा बनी हुई है । अक्सर सचिव के पंचायत में न मिलने , लोगों द्वारा फोन किए जाने पर फोन न उठाने की शिकायतें सामने आ रही है । एक ही काम के लिए लोगों को बार - बार पंचायत जाना पड़ता है । सचिव के हौसले इतने बुलंद है की कई बार वह सरपंच और अधिकारियों के फोन भी नहीं उठाता है । इन हालातों में ग्राम के समूचे विकास की सिर्फ कल्पना ही की जा सकती है ।

# बिजली समस्या को लेकर उमरेठ ब्लॉक कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



परासिया विधानसभा की उप तहसील उमरेठ के अंतर्गत किसानों को हो रही बिजली की समस्या को लेकर बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उमरेठ के द्वारा परासिया विधायक सोहन बाल्मीक के नेतृत्व में उमरेठ में स्तिथ कनिष्ठ अभियंता कार्यालय पहुंचकर कार्यपालन अभियंता परासिया को ज्ञापन सौंपा गया।

जिसमें प्रमुख रूप से मांग की गई , कि किसानों को दी जाने वाली विद्युत सप्लाई विद्युत विभाग द्वारा वर्तमान समय में सुबह 9:40 से दोपहर 3:40 तक एवं रात्रि 12:40 से 4:40 तक विद्युत सप्लाई निश्चित की गई है । जिससे किसानों को कृषि कार्य करने में समस्या उत्पन्न हो रही है । वहीं गाजनडोह के कुछ घरों में 24 घंटे बिजली की सप्लाई नहीं दी जा रही , उस से भी अवगत कराया गया । ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है , कि विद्युत सप्लाई पुराने समय सारणी के अनुसार पूरे उमरेठ क्षेत्र में परिवर्तन की जाए । उमरेठ ब्लाक अध्यक्ष मानक बेलवंशी ने कहा , कि यदि दो दिवस के भीतर मांगे पूरी नहीं की जाती है , तो आगामी समय में किसानों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन एवं चक्का जाम किया जाएगा । ज्ञापन में प्रमुख रूप से पदाधिकारी सहित क्षेत्र के किसान लोग उपस्थित रहे ।

# मजदूर हितों के लिए गोंडवाना ने निकाली बाइक रैली तहसीलदार और एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



कोयलांचल में कोयला खदानों में कार्यरत मजदूरों , अंचल में रहने वाले आदिवासियों के हितों के लिए गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने बाइक रैली निकाली । तहसीलदार और पेंच कोयला क्षेत्र के जी एम को ज्ञापन सौंपा और मजदूरों को उनका हक देने की मांग रखी ।

सोमवार को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिलाध्यक्ष धन्नू धुर्वे , परासिया विधानसभा अध्यक्ष सुशील नागवंशी के नेतृत्व में नेहरिया से सुबह 10 बजे बाइक रैली निकाली गई । जो झूर्रे , शिवपुरी , छिंदा , रावनवाड़ा होते हुए शाम करीब 4 बजे परासिया पहुंची । जहां तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपने के बाद रैली मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय पहुंची । यहां जी एम के नाम डिप्टी जी एम प्रियाशंकर सिन्हा को ज्ञापन सौंपा गया । जिसमें कोयला खदानों में ठेका मजदूरों के रूप में काम कर रहे मजदूरों को उनका पी एफ देने , वेतन पर्ची देने , जिन आदिवासियों की जमीने अधिग्रहित की गई है उन्हें पूरा मुआवजा एवं आश्रितों को नौकरी देने , जिन्हें विस्थापित किया जा रहा है , उन्हें सर्व सुविधायुक्त फ्लेट देने आदि की मांग रखी गई है।

जिलाध्यक्ष धन्नू धुर्वे ने कहा कि कोयलांचल में कोल माफियाओं के द्वारा बंद कोयला खदानों से अवैध रूप से कोयला निकाला जा रहा है । इस कार्य में गांव के 40 - 50 लोगों को लगाया जाता है । इस कार्य में जान का जोखिम बना रहता है । कोल माफियाओं को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जाए और कोयले का अवैध कारोबार पूर्णतः बंद कराया जाए ।

## आज मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक विवाह का आयोजन

**जुन्नारदेव** -:मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत आज14 मई को सामूहिक विवाह का आयोजन जनपद पंचायत जुन्नारदेव द्वारा कन्हान व्हली स्कूल ग्राउंड जीएम ऑफिस परिसर में आयोजित किया जा रहा है। जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती रश्मि चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 14 मई दिन गुरुवार को सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा। पात्र हितग्राहियों (वर-वधु) का विवाह सामाजिक रीति-रिवाज से 14 मई को जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष विवाह संपन्न होगा। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायत से पात्र हितग्राहियों के 100 वर वधु के सामूहिक विवाह सम्मेलन में आयोजित किए जा रहे हैं।

## स्वच्छता सभा का हुआ आयोजन, दिलाई गई स्वच्छता सहित जीव दया की शपथ

**छिंदवाड़ा।** नगर के नई आबादी सिवनी प्राणमोती स्थित रोटरी भवन में संचालित अंबुजा फाउंडेशन एस. ई. डी. आई. के सभा कक्ष में नगर पालिक निगम द्वारा स्वच्छता सहित सर्वोदय अहिंसा सभा का आयोजन किया गया।जिसके मुख्य अतिथि सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन, विशेष अतिथि आईईसी टीम मेंबर अंकिता सोनी सहित नगर पालिक निगम स्वच्छता टीम सम्मिलित हुई।जिनका फाउंडेशन की ओर से प्राचार्य शैलेन्द्र वर्मा, शिक्षिका श्वेता ठाकुर, आयशा अंजुम, सुखदेव भिनझाड़े ने अभिनंदन किया।इस अवसर पर स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने सभी को सर्वोदय अहिंसा सहित स्वच्छता एवं पर्यावरण का महत्व बताकर छिंदवाड़ा के पक्ष में फीडबेक करने एवं ग्रीष्मकाल को देखते हुए पशु - पक्षियों के लिए दाना पानी रखने की अपील की।सभा के पश्चात श्री जैन ने सभी को स्वच्छता सहित सर्वोदय अहिंसा की शपथ दिलाई ओर विद्यार्थियों के साथ सभी अहिंसा प्रेमियों ने पक्षियों के लिए जलपात्र बांधकर उसमें जल भरा और भीषण गर्मी को देखते हुए जनमानस से मूक पशु - पक्षियों के लिए दाना पानी रखने की अपील की।

## नायब तहसीलदार गढ़ी की संदिग्ध भूमिका, कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

# सेवानिवृत वनकर्मी द्वारा अतिक्रमण मामले मे एसडीएम बैहर की कार्यवाही शून्य!

हरिभूमि न्यूज बैहर।

बालाघाट जिले की बैहर तहसील मे इन दिनों एक सेवानिवृत वनकर्मी की दबंगई खूब सुर्खिया बटोर रही है, जो ना सिर्फ ग्राम पंचायत के निस्तारी अतिचराई घास भूमि मे अतिक्रमण करके बैठा है,बल्कि घास शासकीय भूमि मे और अतिक्रमण करने को लेकर दबंगई करने पर भी उतर आया है! लेकिन यहाँ आश्चर्य की बात यह है की नायब तहसीलदार इस अतिक्रमण मे सहयोग कर जेसीबी मशीन से गड्ढा खुदवाने से लेकर किसी भी तरह की विभागीय कार्यवाही मे पुर्ण विराम लगाने तक का भरपुर सहयोग प्रदान कर रहे है, जिसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है की, वर्ष 2024-25 से ग्रामीणों द्वारा लगातार अतिक्रमण हटाए जाने को लेकर आवेदन निवेदन कर रहे है बाउजूद इसके नायब तहसीलदार द्वारा भारी लापरवाही बरतते हुवे मामले को अनदेखा कर रहा है, जिसकी वजह से अतिक्रमण करने वाले पूर्व वनकर्मी के हौंसले बढ़ते नजर आ रहे है।

क्या है पुरा मामला

मुख्यालय बैहर तहसील से महज 45 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बोदा मे लगभग 8 एकड़ शासकीय घास एवं ग्राम पंचायत की निस्तारित व अतिचराई भूमि को सेवानिवृत वन कर्मी अतीत दास संत ग्राम बोदा निवासी के द्वारा अतिक्रमण कर घर खेत का निर्माण कर रहा है, जिसका पहन. 54 खसरा 17/12 रकबा 2.841 हेक्टेयर है! लम्बे अरसे से ग्रामीणों द्वारा लगातार मांग की जा रही है, की अतिक्रमण हटाया जाए लेकिन भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारी के चलते आज दिनाक तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही अपने अंजाम तक नहीं पहुंची है! जबकि अतिक्रमणकारी स्वयं शासकीय सेवा से लाभ पाकर सेवा निवृत हुआ है एवं परिवार के अन्य सदस्य भी शासकीय सेवा का लाभ ले रहे है, बाऊजूद इसके एक बड़े रकबे को कब्ज़ा कर लगातार अतिक्रमण करना कही ना कही राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत को दर्शाता है,



अतीत दास संत, महंत



जिसके चलते ग्रामीणों की मांग और निवेदनों पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हो रही है।

आखिर क्यों नायब तहसीलदार दे रहे संरक्षण

तत्कालीन नायब तहसीलदार जब से गढ़ी मे पदस्थ हुवे है तब से जनता बेहद परेशान नजर आ रहे है! सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बताया जाता है, की नायब तहसीलदार उन लोगो का काम करते है, जो उनको पैसा देता है, फिर उसके बाद गलत को सही और सही को गलत भी कर देते है, पैसो की चमक निष्ठापुर्ण कार्य को बेहद प्रभावित कर रही है, जहाँ दर्जनों समस्याए आज भी व्याप्त नजर आ जाएगी! जिसका ताज़ा उदाहरण ग्राम बोदा मे अतीत दास संत के द्वारा किया गया अतिक्रमण मामला है जो शिकायत के बाद भी आज दिनाक तक अतिक्रमणकारी परिवार पर ना तो कोई कार्यवाही हुई है और ना ही, किसी प्रकार का अतिक्रमण हटाया गया है।

कलेक्टर ने दिए एसडीएम को जांच के आदेश

बैहर मे लगातार अतिक्रमण मामले मे हो रही शिकायत के बाद भी राजस्व अधिकारी द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही ना करना कही ना कही साठगाठ को दर्शाता है, राजस्व अधिकारी बैहर द्वारा मामले को नजरअंदाज किये जाने को लेकर शिकायतकर्ता द्वारा कलेक्टर महोदय बालाघाट को लिखित शिकायत कर, जांच करके अतिक्रमण हटाए जाने को लेकर निवेदन किया गया था! जिसमे कलेक्टर महोदय बालाघाट ने अनुविभागीय राजस्व अधिकारी बैहर को एक ज्ञापन पत्र जारी कर शीघ्र जांच के आदेश देते हुवे रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहाँ गया था! राजस्व अधिकारी द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया या नहीं, लेकिन आदेश के दो माह बाद भी अतिक्रमणकारियों पर ना तो किसी प्रकार की कार्यवाही की गई और ना ही उक्त भूमि पर खोदे गए गड्ढे भरे गए, किसी प्रकार की कार्यवाही ना होने के कारण सेवानिवृत वनकर्मी अतीतदास संत की दबंगई अतिक्रमण को लेकर बढ़ते ही जा रही है।

## तेज रफ्तार का कहर! ओमनी वेन की भीषण टक्कर से ग्रामीण की दर्दनाक मौत, टेडवा चौक फिर बना 'मौत का मोड़'

### पेट्रोल लेने गए ग्रामीण को सड़क पार करते वक्त रौंदा, लगातार हादसों से क्षेत्र में दहशत और आक्रोश



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी क्षेत्र में सड़क सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलता एक और दर्दनाक हादसा बुधवार शाम टेडवा दारू भट्टी चौक के पास सामने आया, जहां तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने एक ग्रामीण को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की अस्पताल में मौत हो गई। लगातार हो रही दुर्घटनाओं से पूरा क्षेत्र दहशत और गुस्से में है। मृतक की पहचान महेंद्र निकुसे (उम्र 55 वर्ष) पिता चमारू निकुसे, निवासी मोहझरी ग्राम के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वे किसी कार्य से टेडवा आए हुए थे और शाम करीब 5 बजे यह दर्दनाक हादसा हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों में मीराबाई पंचेश्वर के अनुसार महेंद्र निकुसे की दोपहिया वाहन का पेट्रोल टेडवा में दारू भट्टी के समीप खत्म हो गया था। उन्होंने वाहन को सड़क किनारे खड़ा किया और सामने स्थित दुकान से पेट्रोल लेने चले गए। पेट्रोल लेकर जैसे ही वे सड़क पार कर अपनी बाइक की ओर लौट रहे थे, तभी भानेगांव से लांजी की ओर तेज गति से आ रही ओमनी वेन वाहन क्रमांक एमपी 50 जेडजी 2645 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वे सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल मदद करते हुए उन्हें सिविल अस्पताल लांजी पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव को अस्पताल की मर्चुरी में रखवा दिया गया है और गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लांजी क्षेत्र में मेन रोड़ पर लगातार हादसों का हॉटस्पॉट बनता जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद न तो स्पीड कंट्रोल के पुख्ता इंतजाम हैं और न ही ट्रैफिक निगरानी की कोई ठोस व्यवस्था दिखाई देती है। तेज रफ्तार वाहनों की बेलगाम दौड़ ने आम लोगों की जान को खतरे में डाल दिया है। लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर स्पीड ब्रेकर, चेतावनी संकेतक और नियमित पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो ऐसी घटनाएं और बढ़ सकती हैं। पूरे क्षेत्र में इस हादसे के बाद गहरा आक्रोश और शोक का माहौल है।

## उमरी में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा



### ग्रामीणों ने एसडीएम, तहसीलदार और थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत उमरी में शासकीय भूमि पर अवैध कब्ज़े का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार 13 मई की दोपहर लगभग 3 बजे उमरी गांव के दर्जनभर से अधिक ग्रामीण एसडीएम, तहसीलदार और थाना प्रभारी के पास पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर तत्काल अतिक्रमण हटाने की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम उमरी के खसरा नंबर 157 की शासकीय भूमि पर कांतीलाल राणा और रुपलाल राणा ने अवैध तरीके से कब्ज़ा कर लिया है। इस भूमि के ठीक बगल में वर्षों पुराना राम भक्त हनुमान मंदिर स्थित है। ग्रामीणों का कहना है कि नवरात्रि और गणेशोत्सव के दौरान इसी भूमि पर मां भगवती और भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की जाती रही है। अब इस भूमि पर अवैध कब्ज़ा कर कृषि भूमि तैयार कर दी गई है, जिससे धार्मिक आयोजन प्रभावित होगें। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त शासकीय भूमि पर सभामंच निर्माण की कार्ययोजना बनाई गई थी। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि यह मामला केवल भूमि विवाद का नहीं बल्कि धार्मिक आस्था और सामाजिक परंपराओं से भी जुड़ा है। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। फिलहाल गांव में इस मुद्दे को लेकर तनाव का माहौल बना हुआ है और लोग जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने की मांग कर रहे हैं।

## मध्यप्रदेश सडक़ विकास निगम बालाघाट के संभागीय प्रबंधक दीपक आड़े सेवानिवृत्त

### साथियों ने भाव भीनी बिदाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मध्यप्रदेश सडक़ विकास निगम बालाघाट के संभागीय प्रबंधक दीपक आड़े अपनी 39 वर्ष की शासकीय सेवा को पूर्ण करते हुए सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति पर बालाघाट मुख्यालय में बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। जिन्होंने उनके सेवाकाल में किए गए कार्यो को याद करते हुए उनकी कुशल कार्यशैली की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उन्हें एक योग्य, कुशल, सहयोगी, कार्य के प्रति समर्पित अधिकारी बताया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा पुष्पहार व पुष्प गुच्छ से स्वागत करने के बाद उनका शाल श्रीफल व उपहार देकर सम्मान किया गया।

विदित हो कि 4 अप्रैल 1964 को वारासिवनी में जन्मे श्री आड़े की कार्यकर्स्थली भी वारासिवनी व बालाघाट जिला ही रहा। उन्होने लोक निर्माण विभाग में उपयंत्री के पद पर रहते हुये अपने शासकीय सेवा की शुरुआत की थी और उसके बाद अपनी कार्य प्रणाली के कारण लगभग 22 वर्ष तक मध्यप्रदेश सडक़ विकास निगम में अपनी सेवायें प्रबंधक, सहायक महाप्रबंधक एवं संभागीय प्रबंधक पद पर रहते हुये दी।

उनके कार्यकाल के दौरान बालाघाट, सिवनी, छिन्दवाड़ा, मंडला एवं पांडुरना जिले में विभिन्न सडक़ों के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया और अपनी मेहनत और कार्य कुशलता से अपनी पहचान बनाई। उनकी सेवानिवृत्ति पर उनके दोस्तों प्रदीप जायसवाल पूर्व विधायक, डॉ. रविन्द्र ताथोड, राजेश परयानी, पंकज वर्मा, मनोज अरोरा, विवेक त्रिपाठी, राकेश वर्मा, आनंद वर्मा व अन्य दोस्तों सहित परिवार के सदस्यों, अधिकारियों द्वारा शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्जवल भविष्य, स्वस्थ व लंबे जीवन की शुभकामनाएँ दी है।

# कान्हीवाड़ा में भीषण सड़क हादसाः शादी समारोह से लौट रही महिला को ट्राला ने रौंदा, दर्दनाक मौत

**कान्हीवाड़ा।** कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उत्सव पैलेस के सामने बुधवार को एक रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा सामने आया है। एक तेज रफ्तार ओवरलोड ट्राला ने स्कूटी सवार महिला को बेरहमी से कुचल दिया, जिससे महिला की मौके पर ही हृदयविदारक मौत हो गई। हादसे में स्कूटी पर सवार एक अन्य परिजन गंभीर रूप से घायल है, जिसका उपचार जारी है।

### पाइप से लदा ट्राला शरीर के ऊपर से गुजरा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मटिया टोला निवासी अनुसुइया उईके अपने एक परिजन के साथ स्कूटी पर सवार होकर एक शादी समारोह से वापस लौट रही थीं। जैसे ही वे कान्हीवाड़ा स्थित उत्सव पैलेस के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक पाइप से लदे ओवरलोड 6 चक्का ट्राला ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्राला की रफ्तार इतनी तेज थी कि उसके सभी छह टायर महिला के शरीर के ऊपर से गुजर गए। इस भयावह हादसे में महिला का शरीर पूरी तरह पिस गया और घटनास्थल पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। दुर्घटना में स्कूटी सवार दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल जिला चिकित्सालय सिवनी पहुंचाया गया, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। हादसे की खबर मिलते ही मटिया टोला में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही कान्हीवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पाइप से लदे उक्त ट्राला को जब्त कर लिया है और चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### अन्वी का सुयश



डीसी रोल मॉडल स्कूल की अन्वी चतुर्वेदी ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 कक्षा 12वीं में बायोलॉजी समूह में 93% अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है अन्वी की इस सफलता पर स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ कर्मचारी नेता पिता श्री प्रद्युम्न चतुर्वेदी, माता डॉ अर्चना चतुर्वेदी, सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र, संस्था के चेयरमैन डॉ के के चतुर्वेदी, प्राचार्य डॉ अमिता चतुर्वेदी सहित डी पी सी रोल मॉडल एक्सीलेंस स्कूल ड्रीम लैंड सिटी के प्राध्यापकों ने शुभकामनाए प्रेषित की है।

### पवित्र नगरी अमरकंटक में आधे घंटे की वर्षा से मौसम हुआ सुहावना, गर्मी से मिली राहत

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मध्यप्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक-आध्यात्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में 13 मई दिन बुधवार को दोपहर बाद रुक-रुक कर गरज-चमक एवं बिजली की तेज लपक के साथ अच्छी वर्षा हुई। लगभग आधे घंटे तक चली इस वर्षा से मौसम में शीतलता घुल गई तथा लोगों को गर्मी से राहत मिली। अचानक हुई बारिश के बाद पूरा वातावरण ठंडा, खुशनुमा और मनोहारी हो गया। दोपहर के समय अमरकंटक में हल्की उमस एवं गर्मी महसूस की जा रही थी, जिससे वर्षा की संभावना पहले से ही व्यक्त की जा रही थी। इसी बीच आसमान में काले बादल छा गए और तेज गर्जना के साथ दो चरणों में वर्षा हुई।

# आरोह 2026 कुरईः व्यक्तित्व विकास सत्र के साथ कबड्डी और नेटबॉल का प्रशिक्षण जारी

**सिवनी/कुरई ।** प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर एवं पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण लालचंदानी के मार्गदर्शन तथा जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे के कुशल निर्देशन में क्रीड़ा परिसर कुरई में AAROH 2026 (समर कैंप) अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत खिलाड़ियों के शारीरिक कौशल के साथ-साथ उनके मानसिक और व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**दो सत्रों में प्रशिक्षण और प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन**

समर कैंप के अंतर्गत 1 मई से 31 मई तक खिलाड़ियों को दो सत्रों में सघन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर का समय प्रातः 6:00 से 8:00 बजे और संध्या 5:00 से 7:00 बजे तक निर्धारित है। खेलों के सफल संचालन हेतु अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहा हैः

**नेटबॉलः** श्री नरेंद्र पवार, पलक साहू (सहायक प्रशिक्षक) कबड्डीः श्री वारिस तुमडाम। इन प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को खेल की तकनीकी बारीकियों, शारीरिक दक्षता और खेल भावना का निरंतर अभ्यास कराया जा रहा है।



**विशेष सत्रः व्यक्तित्व विकास एवं संवाद कौशल**

अभियान के अंतर्गत खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास हेतु एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय महाविद्यालय कुरई के प्रोफेसर एवं मोटिवेशनल स्पीकर पंकज गहरवार जी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रतिस्पर्धी युग में सफलता के लिए केवल शारीरिक दक्षता पर्याप्त नहीं है, बल्कि आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और प्रभावी संवाद कौशल (Communication Skills) भी अनिवार्य हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को टीम भावना, समय प्रबंधन और अनुशासन के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

पंजीयन हेतु अपील : कार्यक्रम प्रभारी निकेश पद्माकर ने जानकारी दी कि शिविर के लिए पंजीयन की प्रक्रिया अभी भी निरंतर जारी है। जो भी इच्छुक खिलाड़ी इस 31 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का लाभ उठाना चाहते हैं, वे खेल विभाग के आधिकारिक पोर्टल dsywmp.gov.in पर जाकर अपना ऑनलाइन पंजीयन सुनिश्चित कर सकते हैं। इसके साथ ही खिलाड़ी सीधे क्रीड़ा परिसर कुरई में भी संपर्क कर सकते हैं।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

**सिवनी ।** जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सूरजपुर गांव के पास हुई, जब उसकी बाइक सड़क पार कर रहे एक सियार से टकरा गई। टक्कर के बाद बाइक चालक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा।

जानकारी के अनुसार, युवक अपनी बाइक से किसी काम से जा रहा था। सूरजपुर गांव के पास अचानक एक सियार सड़क पार करने लगा। बाइक चालक के संभलने से पहले ही वाहन सियार से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के सिर, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।राहगीरों ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया

हादसे के बाद आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों ने तुरंत घायल युवक को संभाला। उन्होंने पुलिस और एम्बुलेंस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक इलाज दिया, लेकिन युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया गया।

बाइक चालक सियार को समय रहते नहीं देख पाया

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के समय सड़क पर अंधेरा था, जिसके कारण बाइक चालक सियार को समय रहते नहीं देख पाया। क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि जंगल से सटे इलाकों में अक्सर जंगली जानवर सड़क पर आ जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से ऐसे क्षेत्रों में चेतावनी संकेतक लगाने और प्रकाश व्यवस्था सुधारने की मांग की है।



घंसौर पुलिस ने घटना का संज्ञान लेते हुए जांच शुरूकर दी है। पुलिस घायल युवक की पहचान और दुर्घटना से संबंधित अन्य तथ्यों की जानकारी जुटा रही है। इस घटना के बाद क्षेत्र में वन्यजीवों की सड़क पर आवाजाही को लेकर भी चिंता व्यक्त की जा रही है।

# सरस्वती शिशु मंदिर सिवनी में चल रहा समर कैम्प

**सिवनी।** आयोजित हो रही विभिन्न व्यक्तित्व विकास की गतिविधियाँ 12वें दिवस जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे का हुआ आगमन" "किया समर कैम्प का निरीक्षण, चल रही गतिविधियों को देख व्यक्त की प्रसन्नता पूर्ण सहयोग का दिया आश्वासन सिवनी नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था सरस्वती शिशु मंदिर भैरोगंज सिवनी में चल रहे समर कैम्प के 12वें दिवस जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे का समर कैम्प में आगमन हुआ। आपके द्वारा समर कैम्प में चल रही विभिन्न योग, प्राणायाम, खेल गतिविधियों के साथ साथ शैक्षणिक एवं कला विकास से सम्बांधित गतिविधियों का भी अवलोकन किया गया। समर कैम्प में चल रही इन प्रेरक गतिविधियों को देखकर आपके द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई। उन्होनें विभिन्न प्रशिक्षकों एवं विद्यालय परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात कर गतिविधियों के बारे में दिशा निर्देश एवं सुझाव प्रदान किये। उन्होने शासन की मंशा अनुसार चल रहे समर कैम्प में पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि सरस्वती शिशु मंदिर सिवनी में प्रतिवर्षानुसार 15 दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें सिवनी नगर की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के 500 से अधिक छात्र छात्रा सहभागी होकर विभिन्न खेल, बौद्धिक एवं कलात्मक गतिविधियों में अपनी रूचि अनुसार सहभागिता कर रहे हैं। उपरोक्त समर कैम्प में योग, प्राणायाम, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, भारतीय खेल, स्केटिंग, कम्प्यूटर, स्पोकन इंग्लिश, कर्सिव राइटिंग, सुलेख एवं शुद्धलेख, मैजिक मैथ्स, मेंहदी, चित्रकला, संगीत, मूर्तिकला, नृत्य, रंगोली आदि का प्रशिक्षण नगर के प्रतिष्ठित विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किया जा रहा है। उपरोक्त समर कैम्प का समापन 15 मई 2026 को होगा।

### लाड़ली बहनों को सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री ने किया राशि का अंतरण

**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नरसिंहपुर जिले के ग्राम मुंगवानी में आयोजित कार्यक्रम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की अनुदान राशि का हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया। इस कार्यक्रम को कलेक्ट्रेट स्थित सोन सभागार सहित जिले के जनपद व नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में देखने एवं सुनने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट स्थित सोन सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायक संचालक श्रीमती मंजूषा शर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी सहित बड़ी संख्या में लाडली बहनें उपस्थित थीं।

# योजना के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का आज होगा भव्य शिलान्यास

**छपारा।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसरंचना योजना के अंतर्गत नगर परिषद छपारा में स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास समारोह 13 मई 2026, बुधवार को आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन शाम 6:00 बजे बैनगंगा तट स्थित गोल्डन टेम्पल घाट पर होगा।

प्रमुख विकास कार्यों की सौगात

इस योजना के तहत नगर के विकास के लिए छह महत्वपूर्ण कार्यों की आधारशिला रखी जाएगीः

गोल्डन टेम्पल घाट पर स्नान घाट और रेस्ट हाउस का निर्माण।बैनगंगा तट रेस्ट हाउस के पास शेड, सभा मंच एवं सौंदर्यीकरण कार्य।

सामुदायिक भवन से शिव मंदिर मार्ग पर प्रोटेक्शन वॉल एवं सी.सी. रोड निर्माण।

राम मंदिर सामुदायिक भवन में अतिरिक्त निर्माण कार्य।

वार्ड नं. 3 बड़ा बगीचा हनुमान मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक एवं समतलीकरण।

अपर बैनगंगा कॉलोनी स्थित इंडोर स्टेडियम में बाउंड्रीवाल एवं अन्य अतिरिक्त कार्य।

### दिग्गज नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फग्गन सिंह कुलस्ते (सांसद, लोकसभा क्षेत्र सिवनी-मंडला), रजनीश हरवंश सिंह (विधायक, केवलारी) और श्रीमती मीना बिसेन (जिला अध्यक्ष, भाजपा) रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश राय ₹मुनमुन₹ (विधायक, सिवनी) द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती मुकेश डहेरिया, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया सहित नगर परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और समस्त पार्षदगण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### जनभागीदारी की अपील

मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं सनातन धर्म सभा, हनुमान सेवा समिति, माँ बैनगंगा महाआरती समिति और गोल्डन टेम्पल धर्मार्थ ट्रस्ट के सदस्यों ने समस्त नगरवासियों से इस गौरवशाली क्षण का साक्षी बनने और कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### लोकायुक्त : कोतवाली सिवनी के रिश्वतखोर एएसआई दिनेश रघुवंशी पर कार्यवाही



**सिवनी।** सिवनी में जबलपुर लोकायुक्त द्वारा बड़ी करवाई की गई है। 30 हजार की मांग पर, 20 हजार की रिश्वत लेते हुए एएसआई दिनेश रघुवंशी को बुधवार को पकड़ा गया। सिवनी जिले मैं जबलपुर लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई 30 हजार की मांग कि थी 20 हजार की रिश्वत लेते हुए सिवनी थाने के एएसआई दिनेश रघुवंशी को पकड़ा गया आज बस स्टॉप के पास असी दिनेश रघुवंशी को थाने में सिग्नेचर मिलान ओर काम के एवेज में पैसों की थी मांग जिस बात को लेकर आवेदक नंदकुमार चौरसिया ने किया लोकायुक्त जबलपुर से संपर्क किया और मंगलवार को बस स्टैंड के पास ASI दिनेश रघुवंशी को पकड़ा गया लोकायुक द्वारा asi दिनेश रघुवंशी पर कार्रवाई जारी है। नीतू त्रिपाठी डीएसपी जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने मां नर्मदा का किया पूजन-अर्चन

**अमरकंटक।** मध्य प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग की कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके ने पवित्र धार्मिक एवं आध्यात्मिक तीर्थ नगरी अमरकंटक पहुंचकर मां नर्मदा उद्गम स्थल में विधिवत दर्शन, पूजन एवं अर्चन किया। मंत्री श्रीमती उईके ने गहन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मां नर्मदा के पावन दरबार में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। इसके पश्चात उन्होंने अमरकंटक स्थित प्रसिद्ध अमरकंठ महादेव मंदिर में भगवान शिव का वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ रुद्राभिषेक किया। नर्मदा मंदिर के पुजारी उमेश द्विवेदी बंटी महाराज ने मंत्री उईके का विधिवत रुद्राभिषेक कराया। कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईके लगभग ढाई घंटे तक नर्मदा उद्गम मंदिर परिसर में रहीं तथा मंदिर की धार्मिक गतिविधियों में सहभागिता निभाई। दर्शन एवं पूजन के उपरांत वे बिजुरी नगर के लिए रवाना हो गईं, जहां वे राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल के पुत्र के वैवाहिक कार्यक्रम एवं तिलकोत्सव समारोह में शामिल होंगीं।

### नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया कार्यालय साईकल के माध्यम से पहुंचे



नगर पालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया जी अपने कार्यालय साईकल के माध्यम से पहुंचे एवं अपना कार्य संपादित किया। विदित होवे कि वैश्विक युध्द के चलते तेल का आभाव पूरे विश्व में है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों के बीच देशवासियों से पेट्रोल-डीजल का उपयोग कम करने और इलेक्ट्रिक वाहनो/सार्वजनिक परिवहन का उपयोग बढ़ाने की अपील की है। उन्होंने ईंधन की खपत घटाकर विदेशी मुद्रा बचाने और स्वदेशी विकल्पों पर जोर देने को कहा है। प्रधानमंत्री जी द्वारा की गई इस अपील पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने नगर पालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया आज अपने कार्यालय साईकिल के माध्यम से पहुंचकर प्रधानमंत्री जी का संदेश वाहक बने। उन्होने नगर पालिका के समस्त पार्षदगण एवं अधिकारी एवं कर्मचारियों एवं नागरिको से अपील करते हुए कहा कि- आफिस कार्य, या अन्य किसी स्थान पर जाने के लिये साईकिल अथवा बैटरी वाले वाहन से जाने का प्रयास करें आपने कहा कि जहां तक संभव हो पेट्रोल-डीजल की खपत कम करें, ईंधन बचाने का प्रयास करें। जिससे डीजल-पेट्रोल की बचत की जा सकेगी। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि पेट्रोल/डीजल की बचत सिर्फ आर्थिक जरूरत नहीं बल्कि देश के भविष्य को मजबूत करने की जिम्मेदारी भी है।

# डॉ. बिसेन से लोगों का सीधा जुड़ाव ही बनाये हुये है लोकप्रिय

### डॉ. ढालसिंह बिसेन के 74 वें जन्मदिवस पर पत्रकार संजय सिंह का विशेष आलेख

प्रदेश की राजधानी भोपाल से लेकर देश की राजधानी दिल्ली तक आम लोगो की आवाज बुलंद करने वाले पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद डां. ढालसिंह बिसेन ने राजनीति के पाँच दशक पूर्ण कर लिये है । अब उनका छठवां दशक प्रारंभ है राजनीति के इस लंबे सफर में कई उतार चढ़ाव आये किंतु आम लोगो से उनका जुड़ाव सतत बना रहा और आज भी बना है । यह आम लोगों का जुड़ाव ही है कि वे कोई पद पर हो या न हो लोग अपनी समास्याओं के समाधान का विश्वास लेकर बेधक उनके पास चले जाते है । स्वाभाव में शालीनता ऐसी है कि वे संबंधित के दुःख दर्द को केवल सुनते ही नहीं बल्कि उसके निवारण का भी प्रयास करते है । डां. बिसेन का यही स्वाभाव उन्हें आम जनता में लोकप्रिय बनाये हुये है । कई विभागो के मंत्री, वित्त आयोग के अध्यक्ष और सांसद जैसे पदों पर रहते हुये अपने दायित्वों का कुशल निर्वाहन करने वाले डां. बिसेन आज की स्थिती में पदों से काफी ऊपर हो गये है।

सरल, सौम्य और सुलझे हुए व्यक्तित्व के धनी म.प्र.शासन के पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन का आज 74 वां जन्मदिन है। डॉ. बिसेन का जन्म 14 मई 1952 को कल्चुरी राजाओं द्वारा बनाये गये ऐतिहासिक मंदिरों के ग्राम आष्टा से लगे एक छोटे से गांव पिपरिया में प्रतिष्ठित किसान स्व. सेवकराम जी बिसेन एवं स्व.श्रीमती सोनाबाई बिसेन के यहां हुआ। करीब 22 साल की उम्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से प्रभावित होकर उन्होंने भारतीय जनसंघ (वर्तमान में भाजपा) से अपनी राजनीति की शुरूआत की थी। डॉ. बिसेन की चुनावी यात्रा की शुरूआत वर्ष 1976 में पंच के चुनाव से हुई और इसके 14 वर्ष बाद वर्ष 1990 में बरघाट विधानसभा का चुनाव जीतकर प्रदेश की राजनीति में पदार्पण किया। बरघाट विधानसभा से लगातार चार बार विधायक चुने गये। परिसीमन के कारण बरघाट विधानसभा क्षेत्र आरक्षित हो गया जिसके कारण पार्टी द्वारा उन्हें वर्ष 2008 एवं वर्ष 2013 में केवलारी विधानसभा से टिकिट दी गई किंतु दोनों बार जीत संभव नहीं हो सकी। पार्टी द्वारा उनकी योग्यता और अनुभव का उपयोग वर्ष 2019 में सिवनी बालाघाट संसदीय क्षेत्र की टिकिट देकर किया गया। इस लोकसभा चुनाव में दो लाख से भी अधिक मतों से चुनाव जीतकर उन्होंने इतिहास रच दिया।

डॉ. बिसेन का राजनैतिक सफ र काफी लम्बा है। राजनीति के बारे में आम लोगों की यही धारणा होती है कि यह कोयला की कोठरी की भांति होती है, इससे निकलने वाला कुछ न कुछ कालिख लेकर ही बाहर आता है। शुचिता की राजनीति को अपना ध्येय बनाकर चलने के कारण ही इतने लम्बे राजनैतिक जीवन में उमा जी की सरकार से लेकर बाबूलाल जी गौर की सरकार में वन, परिवहन, खनिज सहित विभिन्न विभाग के मंत्री और शिवराज सरकार में म.प्र.वित्त आयोग के अध्यक्ष रहने के बावजूद उन पर भ्रष्टाचार का दाग तो दूर एक छींटा भी नहीं लगा। विधायक और सांसद का भी कार्यकाल बेदाग रहा। वन मंत्री रहते हुए उनके द्वारा बनाई गई हरा पत्ता (तेंदूपत्ता) नीति का परिणाम आज सबके सामने है। इस नीति का अनुसरण बाद में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र , कर्नाटक सहित कई प्रदेशों ने किया। इसी तरह शिक्षा मंत्री रहते हुए उन्होंने बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने कन्या सायकिल योजना और यूनिफार्म योजना बनाई जो आज भी भाजपा सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल है।

जीवन के हर एक मुकाम पर संघर्षशील एवं संवेदनशीलता का परिचय देने वाले डॉ. बिसेन को विकास पुरूष कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी। उन्होंने अपने चार टर्म के विधायक कार्यकाल के दौरान अपनी विधानसभा के लोगों की जरूरतों को जाना और वहां की भौगोलिक परिस्थितियों को समझा और उसके अनुरूप विकास का खांका खींचा। डॉ. बिसेन की दूरर्शिता का ही परिणाम है अक्सर सूखाग्रस्त घोषित रहने वाला समूचा बरघाट ब्लॉक आज समृद्ध है।

# पलारी बैंक में हंगामाः कैशियर के व्यवहार से किसान व्यापारी परेशान, रीजनल मैनेजर से शिकायत

**पलारी।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र की पलारी शाखा एक बार फिर विवादों में आ गई है। शाखा में पदस्थ कैशियर वर्षा राज के व्यवहार को लेकर किसानों, व्यापारियों और खाता धारकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का आरोप है कि बैंक में ग्राहकों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है, जिससे आए दिन विवाद की स्थिति बन रही है।क्षेत्रवासियों का कहना है कि जब से वर्षा राज की पदस्थापना शाखा में हुई है, तब से बैंक का माहौल लगातार खराब हुआ है। ग्राहकों से सही तरीके से बात नहीं की जाती और छोटी-छोटी बातों पर बहस होने लगती है। कई लोगों ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर "जो करना है कर लो" जैसी भाषा का इस्तेमाल किया जाता है।पलारी क्षेत्र कृषि प्रधान इलाका है और इन दिनों किसानों के खातों में उपार्जन की राशि आनी शुरू हो गई है। बड़ी संख्या में किसान अपनी मेहनत की रकम निकालने बैंक पहुंच रहे हैं, लेकिन बैंक में उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि घंटों लाइन में लगने के बाद भी उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिलता।व्यापारियों और खाता धारकों ने बताया कि लगातार हो रहे विवाद और खराब व्यवहार के कारण कई लोगों ने अपने खाते दूसरी बैंकों में शिफ्ट कर दिए हैं। मामले को गंभीर बताते हुए किसानों एवं व्यापारियों ने रीजनल मैनेजर को लिखित शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। अब देखना होगा कि बैंक प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और परेशान ग्राहकों को कब राहत मिलती है।



### अंतिम स्टेटस 'जिंदा रहना जरूरी है क्या..?

# दो बच्चों के साथ पिता ने की आत्महत्या!





**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**

बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम जराहमोहगांव के लाखी टोला में 12 मई की शाम एक ऐसी घटना घटी जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। 40 वर्षीय श्याम पिता भागवत नागेन्द्र ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ कुएं में कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पिता ने अपने पांच वर्षीय पुत्र वंश नागेन्द्र और तीन वर्षीय पुत्री भूमि नागेन्द्र के साथ आत्महत्या की है। यह घटना अपने पीछे कई तरह के सवाल छोड़ कर गई है। 13 मई की सुबह 07 बजे तीनों के शव गांव में एक खेत में बनी कुएं से बरामद किए गए है। 12 मई की शाम करीब सात बजे श्याम नागेन्द्र अपने दोनों बच्चों को लेकर मोटरसाइकिल से विवाह समारोह में जाने की बात कहकर घर से निकले थे। लेकिन देर रात तक जब नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी हर जगह तलाश की और नाते-रिश्तेदारी से लेकर दोस्तों से पूछताछ की। वहीं आज जब तीनों के शव मिले तो पूरा गांव हिल गया। श्याम ने अपने दोनों बच्चों को अपनी कमर से एक टुप्पटे के सहारे बांधकर कथित तौर पर कुएं में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। 13 मई बुधवार की सुबह करीब सात बजे ग्रामीणों ने कुएं के पास मृतक की मोटरसाइकिल खड़ी देखी और कुएं में झांका तो तीनों की लाश पानी में तैरती हुई दिखाई दी। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर तीनों के शवों को बरामद करने के बाद मर्ग कायम कर जांच विवेचना शुरू कर दी है।

**सोशल मीडिया में लगाया था स्टेटस:** इस हृदय विदारक घटना से एक दिन पहले श्याम ने अपने मोबाइल के व्हाट्सएप पर एक स्टेटस लगाया था। नहीं है जिंदा रहने की आरजू, नहीं चाहिए कोई वादा या रिश्ता, नहीं चाहिए कोई प्रेम कहानी, नहीं चाहिए खुशी, सुकुन, दिल, जिस्म, या रूह, हर दफा खुद से झूठ बोलकर कि कभी ना कभी ये सब कुछ ठीक हो जाएगा। जिंदा रहना जरूरी है क्या..! पुरी रात करवटों में काटने के बाद अंधेरे से लड़ते-लड़ते थकने के बाद, सुबह रोशनी को गले लगाना जरूरी है क्या..! स्टेटस की यह अंतिम पंक्तियां पुलिस के रहस्य बन गई है। मृतक के परिजनों का कहना है कि श्याम ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसकी कोई स्पष्ट वजह सामने नहीं आई है। परिवारजन हैरान हैं कि एक जिम्मेदार पिता अपने बच्चों के साथ इस तरह का कदम कैसे उठा सकता है।

**07 वर्ष पूर्व हुआ था विवाह:** श्याम नागेन्द्र के परिजनों के मुताबिक करीब 07 वर्ष पूर्व ही सामाजिक रीति-रिवाज से उनका विवाह संपन्न हुआ था। परिवार में किसी भी तरह का कोई विवाद नहीं था और ना ही श्याम पर किसी प्रकार का कोई आर्थिक कर्ज था। ऐसे में श्याम ने ऐसा कदम क्यों उठाया है यह किसी के गले नहीं उतर रहा है। श्याम पेशे से एलआईसी का अभिकर्ता बताया जा रहा है पूर्व में वह सहारा से भी जुड़ा हुआ था।

**बड़े भाई को नहीं कोई संतान:** इस घटना के बाद श्याम की मौत से ज्यादा उन दो मासूम बच्चों की मौत की चर्चा हो रही है जिन्हें इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं होगा कि उनका ही पिता उनकी इस तरह से हत्या कर देगा। दरअसल, मृतक के बड़े भाई किशोर नागेन्द्र की कोई संतान नहीं है ऐसे में भाई के इस कदम से वह भी सदमे में है। जिस किसी को भी इस घटना की जानकारी मिल रही है बस उसके जुबां पर एक ही शब्द है खुद मर जाता बच्चों को लेकर नहीं कुदना था। खैर, पुलिस घटना की जांच कर रही है। आखिरकार, श्याम नागेन्द्र ने आत्महत्या की है या फिर उसकी हत्या हुई है यह पुलिस जांच के बाद ही खुलासा हो पाएगा।

### इनका कहना है

प्रारंभिक जांच में दोनों बच्चों के साथ आत्महत्या करना प्रतीत हो रहा है। घटना की जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का पता चलेगा।

**धमेन्द्र कुसराम थाना प्रभारी कटंगी**

## नीट पेपर लीक पर कांग्रेस का प्रदर्शन केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका




**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बालाघाट में नीट परीक्षा रद्द होने के विरोध में बुधवार को युवक कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने काली पुतली चौक पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

शाम करीब 4 बजे हुए प्रदर्शन में युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने परीक्षा रद्द करने के फैसले को लेकर नाराजगी जताई। इस दौरान पुलिस और नगर पालिका के फायरकर्मी पुतला बुझाने पहुंचे, लेकिन कार्यकर्ता जलता पुतला लेकर भाग गए। बाद में फायर वाहन की मदद से आग बुझाई गई।

युवक कांग्रेस नेताओं का कहना है कि 3 मई को परीक्षा देने वाले हजारों छात्रों को दोबारा परीक्षा की चिंता सताने लगी है। इससे छात्रों और अभिभावकों में निराशा है।

जिलाध्यक्ष शिवम विश्वकर्मा ने कहा कि पेपर लीक और परीक्षा रद्द होना शिक्षा व्यवस्था में गड़बड़ी को दिखाता है। उन्होंने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे और मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की।

## 18.63 करोड रुपए से अधिक की हुई गेहूँ खरीदी

**बालाघाट।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत जिले में कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य किया जा रहा हैं। चालू सीजन में जिले के 2486 किसानों से 71 हजार 06 क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को 10 करोड़ 29 लाख रुपये से अधिक की राशि का भुगतान कर दिया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आर के ठाकुर ने बताया कि बालाघाट जिले में किसानो से समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी के लिए 13 केंद्र बनाये गए है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए जिले के 4388 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। इनमें से 2912 किसानों ने गेहूं विक्रय के लिए अपना स्लाट बुक करा चुके है। जिले के सभी 13 केंद्रो पर 15 अप्रैल 2026 से गेहूं की खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। 13 मई तक जिले के 2486 किसानों से 18 करोड 63 लाख 90 हजार 750 रुपए के 71 हजार 06 क्विंटल गेहूँ की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है।

# 94.8 प्रतिशत अंकों के साथ अक्षिता भरत ने किया स्कूल टॉप



## बालाघाट इंग्लिश हाई.से. स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में बालाघाट इंग्लिश हाई.से. स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की छात्रा अक्षिता भारत ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों में हर्ष का वातावरण है।विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में स्कूल टॉपर अक्षिता भरत को 7100 रुपये के चेक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं द्वितीय स्थान वीणा गुप्ता एवं तृतीय स्थान तनुजा नागपुरे को क्रमशः 5100 रुपये एवं 3100 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।विद्यालय परिसर में आयोजित इस सम्मान समारोह में प्रबंधन समिति के सदस्यों, शिक्षकों एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का ही परिणाम है कि विद्यालय लगातार उत्कृष्ट परिणाम दे रहा है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं।

## श्री श्री रविशंकर का जन्मोत्सव मनाया गया, योग-ध्यान-रक्तदान और भोजनदान

**बालाघाट।** बालाघाट में आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने 13 मई को संस्था के संस्थापक श्री श्री रविशंकर का जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर योग-ध्यान, रक्तदान और भोजनदान जैसे सेवा कार्य आयोजित किए गए। शाम को भजन संध्या का भी आयोजन किया गया।

आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक सुरजीतसिंह ठाकुर और जिला समन्वयक रीतु मोहारे ने बताया कि पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर का उद्देश्य हिंसामुक्त और तनावमुक्त समाज का निर्माण करना है। उनका जन्मोत्सव सेवा, साधना और सत्संग के साथ मनाया जा रहा है, जिसका लक्ष्य लोगों को सुखी, स्वस्थ और आनंदमय जीवन जीने की कला सिखाना है। जन्मोत्सव के तहत सुबह भाजपा कार्यालय में सुदर्शन क्रिया के साथ योग और प्राणायाम का आयोजन हुआ। इसके बाद, इसी परिसर में रक्तदान शिविर लगाया गया, जहाँ संस्था प्रतिनिधियों और इच्छुक रक्तदाताओं ने मानवता की सेवा में रक्तदान किया। रक्तदान के बाद, जिला अस्पताल में नारायण सेवा के तहत मरीजों और उनके परिजनों को भोजन दान किया गया। साथ ही, गर्मी को देखते हुए ठंडे पानी के लिए एक प्याऊ का भी शुभारंभ किया गया।

प्रवेश प्रारंभ
Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & OTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
B.Tech. 4 Year Degree 12th Mats Pass
Polytechnic 3 Year Diploma 10th Pass
कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
माईनिंग इलेक्ट्रिकल
सिविल मेकेनिकल
JOB SAHI
सतपुड़ा कैम्पस, लाल रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.)
9425836824, 62625604111 Web: www.satpudaengineeringcollege.com

